केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2017/152 दिनांक: 26.04.2017
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2017/00146
CICOM/R/2017/00152

अपीलकर्ता : श्री गुरभेज सिंह,
डी – 4, गोविन्द नगर,
रामलीला मैदान के पास,
कानुपर नगर-6, उत्तर प्रदेश ।

निर्णय की तारीख : 26 .04.2017

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 31.01.2017 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 02.03.2017 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्रीमती पुष्पा जनार्दनन |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 16.03.2017 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 120954/28.03.2017 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 176/25.04.2017 |

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से श्रीमती कांति द्वारा आयोग में दाखिल की गई द्वितीय अपील से संबंधित सूचना मांगी थी जिसके प्रतिउत्तर में श्रीमती पुष्पा जनार्दनन, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना के विरुद्ध अपीलकर्ता ने प्रथम अपील दाखिल किया है ।

2. अपीलकर्ता का यह प्रथम अपील जो केन्द्रीय सूचना आयोग में दिनांक 28.03.2017 को डायराइज हुआ तथा डाक अनुभाग द्वारा भूलवश किसी अन्य अनुभाग को अग्रसारित हो जाने के कारण प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय में दिनांक 25.04.2017 को प्राप्त हुआ है । प्रथम अपील आवदेन के साथ संलग्न श्रीमती कांति की द्वितीय अपील की प्रतिलिपि पर डाक विभाग की रसीद की फोटो प्रति भी लगी है, जिससे ज्ञात होता है कि अपीलकर्ता ने उक्त द्वितीय अपील दिनांक 13.10.2016 को प्रेषित की है । आयोग की वेबसाईट में उपलब्ध डाक प्रबंधन प्रणाली के अनुसार श्रीमती कांति का दिनांक 13.10.2016 का अपील/शिकायत जिसकी डायरी सं. 180404/19.10.2016 है तथा सेन्ट्रल रजिस्ट्री को अग्रसारित किया गया है । अतः श्री कृष्ण अवतार तलवार, उप-पंजीयक (सेन्ट्रल रजिस्टी-1) को आर.टी.आई. आवेदन की प्रति संलग्न करते हुए निर्देश दिया जाता है कि अपीलकर्ता को उक्त द्वितीय अपील से संबंधित सूचना इस आदेश की प्राप्ति के दस दिनों के अंदर उपलब्ध करवाई जाए ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

O/C

C.I.C. / के. सू. आ.
RECEIVED
27 APR 2017
Initials:........

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

प्रतिलिपि :

1. श्री ए. के. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री कृष्ण अवतार तलवार, उप-पंजीयक (सेन्ट्रल रजिस्टी-1), केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

27/04/17
27/4/17